Title: Requested the Government to take proper steps regarding due payment of the teachers and other employees of Marathawada Krishi Vidyapeeth.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, शून्य काल के दौरान मैं अति महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं। पूरे मराठवाड़ा इलाके में एक ही कृषि विद्यापीठ है। सौभाग्य से वह कृषि विद्यापीठ मेरे संसदीय क्षेत्र परभनी में है। मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ के शिक्षकों और कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से किसी भी वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है। उस विद्यापीठ में कर्मचारियों की संख्या लगभग साढ़े चार हजार है। मेरा कहना है कि मराठवाड़ा विद्यापीठ में विशेषकर क्लास श्री और क्लास फोर्थ के कर्मचारी भूखे मर रहे हैं। वे हड़ताल पर हैं और धरने पर बैठने वाले हैं। अभी बोआई का मौसम है और विद्यापीठ के पास पैसे की कमी है। इस कारण वहां पर सभी अनुसंधान कार्य ठप्प हो गये हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ के

चार-साढ़े चार हजार लोगों का वेतन भुगतान तीन महीने से नहीं हुआ है। कुछ प्रौपर कदम उठाइए और गरीब कर्मचारियों, विशेषतः क्लास श्री और क्लास फोर, की पैमैंट की व्यवस्था करें।